मैया तेरी महिमा है निराली

मैया तेरी महिमा है निराली,
मैयां तेरी महिमा है निराली....

मैया मेरी ऊँचे पहाड़ों पे रहती,
तभी तो कहलाती पहाड़ों वाली,
मैया तेरी महिमा है निराली....

मैया तेरे मंदिर मैं ज्योत जलती,
तभी तो कहलाती जोतांवाली,
मैया तेरी महिमा है निराली....

मैया मेरी शेर सवारी करती,
तभी तो कहलाती शेरावाली,
मैया तेरी महिमा है निराली...

मैया मेरी भक्तों पे मेहर करती,
तभी तो कहलाती मेंहरावाली,
मैया तेरी महिमा है निराली....

मैया सब भक्तो की चिंता हरती,
तभी तो कहलाती चिंतपूर्णी,
मैया तेरी महिमा है निराली....

मैया तेरे माथे पे लट एक काली,
तभी तो कहलाती लाटावाली,
मैया तेरी महिमा है निराली....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22822/title/mayia-teri-mahima-hai-nirali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |